Date:- 01-01-2025
Dainik Bhaskar, Page-02
Surat

ट्रांसपोर्ट की बढ़ेगी रफ्तार

मेट्रो सिविल वर्क जून तक पूरा होगा

सूरत का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट मेट्रो रेल का सिविल वर्क नए साल में पूरा हो सकता है। मेट्रो रेल प्रशासन ने जून 2025 तक लाइन-1 और लाइन-2 के संपूर्ण 41 किमी रूट के सिविल कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। लाइन-1 में कादरशाह की नाल से लेकर ड्रीम सिटी तक 11 किमी एलिवेटेड मार्ग प्रायोरिटी कॉरिडोर है। इसका काम तेज रफ्तार से चल रहा है। जून तक प्रायोरिटी कॉरिडोर को तैयार किया जा सकता है।

टनल शेष 3 किमी टनल भी बन जाएगी

मेट्रो प्रोजेक्ट के लाइन-1 के ही पैकेज सीएस-2 और सीएस-3 यानी चौक बाजार से कापोद्रा के बीच 6 किमी अंडरग्राउंड टनल का भी काम चल रहा है। इसमें कापोद्रा से सूरत स्टेशन के बीच तीन किमी अंडरग्राउंड टनल बना ली गई है। जबकि चौक बाजार से सूरत स्टेशन के बीच 3 किमी और अंडरग्राउंड मार्ग जून 2025 से पहले पूरा कर लिया जाएगा।